ISSN 2454-9495



SHALINI NANDKEOLYAR

Shalini Nandkeolyar is multitalented! She holds a diploma in acting from the New York Academy of Theatrical Arts and has acted in several plays. Her academic pursuits led her to study English literature and philosophy, and she also holds a degree in business management. Shalini is a gifted singer, known for her Bhajan album *Arpanam*. Painting is another of her passions. Her poems have been widely published in literary journals, magazines, and several anthologies in both Hindi and English. Her poetry is exquisite, rich in imagery, and filled with wisdom. Shalini is also a Reiki Master, a dedicated seeker on a path of deep surrender.

ISSN 2454-9495

एक मुकम्मल एहसास

देर रात नींद के पार,
आज चाँद भी है तनहा, ख़ामोश
नदी भी सुस्त, तुम्हारी बेशुमार यादें लिये
मुझ में बहती,
पेड़ों से ढलकते शबनम,
एकांत निशब्द,
हर बूँद इक बीती वाक़या बोझिल सी।
तुम्हारी धीमी आवाज़ का एक हल्का स्पर्श,
एक दस्तक, एक नर्म सा कोमल एहसास।

तुम्हारी हर श्वास के माधूर्य में पिरोई,
माधवी लता सी, मैं खिल-खिल जाती -
अनछुई खुश्बू में भीगी, प्यार का
एक एहसास भर बन, बस...।

तब चाँद मंद-मंद मुस्कुराता,
लहरों को चूमता,
नदी शर्माई सी, थोड़ी सकुचाई सी,
अपना प्रेम गीत गुनगुनाती
हवा ले आता, कहीं दूर पहाड़ियों से
बाँसुरी का करुण धुन।
चाँद आहिस्ते-आहिस्ते समा जाता
नदी की आग़ोश में।

तुम्हारा प्यार निस्वार्थ, पवित्र
मुझे खुले आसमान दर्शाता -
आकाश में मुक्त उड़ूँ, स्वछंद,
पर मैं, सदैव तृप्त थी
तुम्हारी धड़कनों की लय मैं बँध कर।

ISSN 2454-9495

तुम्हें क्या ज्ञात था, तुम न होंगे?
तुम चले गये चुप-चाप सहसा,
ज़िन्दगी थम गई वहीं।
एक लम्बा अंतराल,
फिर सीख लिया ...
तुम्हारी ग़ैरमौजूदगी में ही
तेरी मौजूदगी की छाँव में जीना,
पल-पल, मैं तुझ में हूँ,
महफ़ूज़, मुकम्मल।

ओ री नदी, न हो उदास।
बादलों का आवरण हट जायेगा ।
चाँद फिर मुस्कुराएगा -
वो तो सर्वदा है तुम्हारा, सिर्फ़ तुम्हारा ।

 ISSN 2454-9495

A MOMENT COMPLETE

Late night, beyond sleep,
Tonight even the moon is melancholy, silent,
The river, listless,
Carrying countless memories of you,
Flowing within me.
Tears drip from the trees quietly, in solitude—wordless, heavy,
Every drop is a bygone story.
The gentle touch of your soft voice,
A knock, a feeling so tender, delicate,
Ethereal.

In the sweetness of each breath
Of yours I was strung,
Like the Madhavi vine
I clung to you, blossomed,
Drenched in your unknown fragrance.
I became just a feeling of love.

Then the moon would smile softly
Gently kissing the waves,
The river, shy, a little reticent,
Would hum her verses of love.
From the distant mountains,
The breeze would bring the plaintive notes of a flute.
Slowly, gently, the moon would melt
Into the river's embrace.

Your love – pure selfless,
Would waft me into the vast expanse
Of the boundless sky to soar higher,

ISSN 2454-9495

Unfettered, but I was content being
In the rhythm of your heartbeat.

Did you know, you won't be there?
Silently, you left one day…
Life paused there – a long interval…
Now I have learnt to live
Without your presence,
Yet immersed in the fragrant shades
Of your presence.
Each moment I am in you -
Content, complete.

O river, don't be mournful…
The veil of the clouds will drift away.
The moon will smile, yet again -
He was ever yours, only yours.

ISSN 2454-9495

गुलाब और धूलि

हमारी नज़रें मिलीं,
इक चिनगारी कौंध गई,
हृदय थिरकने लगा,
उल्लास की चरम शिखर पर -
एक सुकून भरी रौशनी की सिम्फनी,
अनजान, अजनबी एहसास।
मैं नदी थी तुम्हारे सागर की,
गहराइयों में डूबती हुई।
प्रेम... बस हो गया।

शबनम की बूँदों-सा था
पारदर्शी हमारा प्यार,
ख़ुशी की फुहार —
न कोई ख़्वाहिश,
न कोई तक़ाज़ा,
एक सम्पूर्ण तृप्ति,
एक अनछुई आत्मानुभूति।

जाने क्या हुआ?
क्या मैं तलाशती रही शाश्वत प्रेम
इन क्षणभंगुर, उड़ते मृगतृष्णा के पलों में?
मेरी हथेलियों के बीच दीये की लौ
तो जलती रही — स्थिर, निश्चल।
शायद तुम्हारी आकांक्षाओं की हवा ने
बुझा दिया तुम्हारा प्यार...

अब मैं देखती हूँ इन सूखे गुलाबों को —
निस्तेज, बेरौनक़,

ISSN 2454-9495

ज़िंदगी के पन्नों के बीच दबे,
अनन्त इच्छाओं की लंबी कतार तले,
शर्तों की भूलभुलैया, खोई उम्मीदें,
और नीरस दिन...

मैं फिर भी सहेजूँगी —
कोमलता से —
तुम्हारी उन्मत्त ख़ुशबू,
जीऊँगी ख़ामोशी से
प्यार के वे लम्हें...
चाहे तुम अब
मुझे फूल न भेजो।

 ISSN 2454-9495

ROSES AND DUST

Our eyes met—
A spark ignited.
Heart ecstatic dancing,
A symphony of soothing lights
Of unknown bliss—
I was a river merging
Into the fathomless depth of
Your ocean…
Love just happened!

Our love was transparent
Dewdrops of cascading joy
Wanting nothing,
Demanding nothing
Our entire being melting
Into one soulful mingling of
Ecstasy untouched, divine!

What happened?
Did I seek for permanence in a
Fleeting world of illusions?
The lamp burnt unwavering
Between my cupped palms.
Perhaps the breeze of
Expectations blew away your
Flickering light!

I look at the dried roses lustreless,
Squashed between the pages of
Life's endless desires of conditions

ISSN 2454-9495

And lost hopes,
Demands and mundane days.

Yet, I will salvage tenderly the
Heady fragrance of you,
Savour the moments of love silently
Even though you don't send me
Flowers anymore!